# भारत-जापान मंच पर मोदी का भविष्य विजन

## व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में होगा सहयोग




**नई दिल्ली , 3 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए दोनों देशों के मजबूत और लंबे समय से चले आ रहे आर्थिक रिश्तों पर जोर दिया. अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने की बात कही.**

मोदी ने भारत-जापान जॉइन्ट इकनॉमिक फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि आपके साथ यहां मंच में उपस्थित होना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है. उन्होंने कहा कि यहां मौजूद कई कंपनियां दशकों से भारत के साथ जुड़ी हुई हैं. कुछ तो एक सदी से भी ज्यादा समय से भारत की विकास यात्रा का हिस्सा रही हैं. और जो नए साझेदार इस मंच से जुड़ रहे हैं, मैं उन्हें भारत-जापान की इस सफलता की कहानी का हिस्सा बनने पर दिल से बधाई देता हूं. पीएम मोदी ने कहा कि भारत और जापान का रिश्ता वाकई बहुत खास है.

हमारी आर्थिक साझेदारी की कई शानदार मिसालें हैं. अभी थोड़ी देर पहले हमने हरियाणा के खरखौदा में मारुति सुजुकी के नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन किया. आज सुजुकी की दुनिया भर में बनने वाली करीब दो-तिहाई गाड़ियां भारत में बनती हैं और 100 से ज्यादा देशों में निर्यात होती हैं. संबोधन के दौरान ही प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम ताकाइची से कहा, मुझे बताया गया है कि आपको मोटर बाइक का बहुत शौक है.

### ताकाइची भारत से हुईं रवाना

जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची आज शुक्रवार को नई दिल्ली की तीन दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद भारत से रवाना हो गईं. इस यात्रा से दोनों देशों के बीच साझेदारी को साझा लक्ष्यों की ओर बढ़ावा मिला. केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने पीएम ताकाइची को भारत से रवाना होते समय एयरपोर्ट पर विदा किया. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट किया, 'एक यादगार दौरा खत्म हुआ, जो भारत-जापान साझेदारी को साझा लक्ष्यों की ओर ले जाएगा.

## स्वीडन में रूसी दूतावास पर ड्रोन हमले

**हेलसिंकी, 3 जुलाई.** स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में स्थित रूसी दूतावास पर ड्रोन से हमले किये गये हैं. रूसी दूतावास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि स्थानीय समयानुसार आज तड़के करीब दो बजे दूतावास परिसर पर दो ड्रोन से हमले किये गये। दूतावास ने टेलीग्राम पर जारी बयान में कहा कि एक क्वाडकॉप्टर ने दूतावास परिसर के भीतर लाल रंग से भरा एक कंटेनर गिराया, जबकि दूसरा ड्रोन, जिसमें दूतावास के अनुसार एक नकली विस्फोटक उपकरण (डमी आईईडी) लगा था, दूतावास भवन के निकट परिसर के अंदर आ गिरा. दूतावास ने इस घटना को केवल उकसावे की कार्रवाई नहीं, बल्कि अपने कर्मचारियों को डराने-धमकाने की खुला प्रयास बताया. दूतावास के अनुसार इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं.



### शिष्टाचार मुलाकात

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ में उनके निवास पर नवभारत भोपाल के संपादक दिलीप झा ने एक शिष्टाचार मुलाकात की.

## 23 विपक्षी दलों ने सीजेआई को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, 3 जुलाई.** कांग्रेस ने कहा है कि इंडिया गठबंधन के 23 विपक्षी दलों तथा एक निर्दलीय सांसद ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाते हुए उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है. कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 28 जून को मुख्य न्यायाधीश को भेजा गया यह पत्र सार्वजनिक किया. पत्र में कहा गया है कि सामान्य परिस्थितियों में न्यायपालिका को इस प्रकार पत्र लिखने की आवश्यकता नहीं पड़ती, लेकिन देश का लोकतंत्र गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है, इसलिए विपक्ष को यह असाधारण कदम उठाना पड़ा है. इसमें कहा गया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला हैं.

# प. बंगाल में महिषासुरों का होगा नाश


## ■ दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड का गठन ■ हर थाने में महिला सहायता केंद्र स्थापित



**कोलकाता, 3 जुलाई.** बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'दुर्गा सुरक्षा स्क्वायड' गुरुवार को अस्तित्व में आ गया. मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सचिवालय नबान्न में इसकी घोषणा की.

उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि महिलाओं की सुरक्षा उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है. इसमें 'जीरो टालरेंस' की नीति अपनाई जाएगी. ऐसे मामलों में तत्काल कानूनी कार्रवाई होगी. निर्भया से अभया तक की कड़वी घटनाओं से सीख लेते हुए सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाएगी. दुर्गा सुरक्षा स्क्वायड के तहत महिला पुलिसकर्मी मोटरसाइकिल पर सवार होकर सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर नियमित गश्त लगाएंगी. यदि किसी महिला के साथ छेड़छाड़ या उत्पीड़न की घटना होती है तो यह विशेष दल तत्काल कार्रवाई करेगा.

### समाधान ही लोकतंत्र की असली पहचान : बिरला



**नई दिल्ली.** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी आदर्श राज्य विधानसभा का मुख्य उद्देश्य सार्थक चर्चा करने और मुद्दों को पहचानने के अलावा, मौजूदा समस्याओं का समाधान खोजना भी होना चाहिए. लोकसभा अध्यक्ष ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम के उद्घाटन के दौरान यह बात कही. उन्होंने कहा कि आम लोगों को विधायक से बहुत उम्मीदें और अपेक्षाएं होती हैं.



# खाई में गिरी बस, 40 मृत

**इस्लामाबाद, 3 जुलाई.** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के शेरानी जिले में एक यात्री बस के गहरी खाई में गिरने से 40 लोगों की मौत हो गयी और 20 अन्य घायल हो गये.

शेरानी जिले के उपायुक्त हज़रत वली काकर ने शुक्रवार को बताया कि यह हादसा शेरानी के धना सर इलाके में हुआ, जो बलूचिस्तान के शेरानी जिले और उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले की सीमा के पास है. दोनों जिलों की पुलिस और बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे और शवों और घायलों खाई से बाहर निकाल कर पास के अस्पतालों में पहुँचाया. बचाव कार्य से जुड़े एक अधिकारी के अनुसार हादसे में मारे गए लोगों में महिलाएँ और बच्चे भी शामिल हैं.

स्थानीय पुलिस ने शिन्हुआ को बताया कि हादसे के समय बस बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से उत्तर-पश्चिम पेशावर जिले की ओर जा रही थी और पहाड़ी इलाके में एक तीव्र मोड़ पर चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और गहरी खाई में गिर गयी।

## मणिपुर में उग्रवादियों को गिरफ्तार कर हथियार बरामद

**इंफाल, 3 जुलाई.** मणिपुर में सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में भारी मात्रा में हथियार बरामद करते हुए उग्रवादियों को गिरफ्तार किया तथा उनके चार बंकर नष्ट किए. मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. सुरक्षा बलों ने विष्णुपुर जिले में कुम्बी थाना के तहत कुम्बी सगोलपत के पास कुम्बी सेतुपुर की तलहटी से मैगजीन के साथ एक एम-16 राइफल, मैगजीन के साथ एक 9एमएम पिस्तौल, तीन सिंगल-बैरल बंदूकें, एक पॉम्पी, पांच पॉम्पी बम, चार नंबर 36 एचई हैंड ग्रेनेड, 32 कारतूस, तीन इंसास मैगजीन और अन्य सामान बरामद किया.

# सरकार जबर्दस्ती थोप रही 20 प्रतिशत इथेनॉल मिला पेट्रोल



**नई दिल्ली, 3 जुलाई।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लोगों पर जबरदस्ती 20 प्रतिशत इथेनॉल मिला पेट्रोल थोपने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि मोदी सरकार के लिए पूरा देश प्रयोगशाला है। केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार लोगों पर जबरदस्ती 20 प्रतिशत इथेनॉल मिला पेट्रोल थोप रही है। जबकि एथनॉल से गाड़ियां बंद हो रही हैं, पार्ट्स खराब हो रहे हैं और माइलेज भी 30 प्रतिशत कम आ रहा है। इससे देश भर में लोगों के अंदर जबरदस्त गुस्सा है.

### अरविंद केजरीवाल ने केन्द्र सरकार को घेरा

आप संयोजक ने एक्स पर वीडियो संदेश में कहा कि 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल को लेकर जनता में बहुत गुस्सा है।30 जून को केंद्र सरकार ने अटॉर्नी जनरल के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में यह कहा कि यह सिर्फ एक प्रयोग है और इसके परिणामों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी. जब यह खबर अगले दिन मीडिया में आई, तो केंद्र सरकार बिल्कुल मुकर गई।


## एक नजर में



### भारतीय युद्धपोत पहुंचे सिंगापुर बंदरगाह

**नई दिल्ली.** भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि, कवरत्ती और शक्ति पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल आलोक आनंद के नेतृत्व में पहली जुलाई 2026 को सिंगापुर के चांगी नौसैनिक अड्डे पर पहुंचे. यह यात्रा भारत और सिंगापुर की नौसेनाओं के बीच लंबे समय से चले आ रहे सुदृढ़ व घनिष्ठ संबंधों को रेखांकित करती है. साथ ही, यह दक्षिण-पूर्व एशिया में भारतीय नौसेना की जारी परिचालन तैनाती का हिस्सा है, जो भारत सरकार की 'एक्ट ईस्ट' नीति व 'महासागर दृष्टिकोण के अनुरूप है. यह दौरा 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष 2026' के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में भी योगदान देता है.

## हस्तियों के ट्वीट



देश के गृहमंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि श्री अमरनाथ जी की यात्रा सनातन संस्कृति के प्रति अटूट श्रद्धा, अडिग धैर्य, संयम और कभी हार न मानने वाली जीवटता का पावन प्रतीक है. आज से इस पवित्र यात्रा का शुभारंभ हो रहा है. बाबा बर्फानी के दर्शन-पूजन हेतु जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ.



महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि हमारे मुंबई ऑफिस में क्यूबेक के इंटरनेशनल रिलेशंस मिनिस्टर, क्रिस्टोफर स्कीट और उनकी टीम के साथ लंच करके बहुत अच्छा लगा। क्लीनटेक और एनर्जी ट्रांज़िशन- 330 से ज़्यादा कंपनियाँ वेस्टवॉटर ट्रीटमेंट से लेकर एमिशन कम करने तक के सॉल्यूशन डेवलप कर रही हैं.


**OFFICE OF UJJAIN DEVELOPMENT AUTHORITY**
Pradhikaran Bhawan, Bharatpuri Administrative Zone, Dewas Road, Ujjain - 456010
email- udaujjain@gmail.com, website- www.udaujjain.org

**Tender Notice**

Online tenders are invited from eligible firms for the following work. Detailed tender details can be found on the website https://mptenders.gov.in/nicgep/app

| No. | Tender number & date of issue | Name of work | Work duration & PAC | Cost of Tender Form and EMD (INR) | Last date of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDA/ET/26/106 Date 30-06-2026 2026_DTCP_518316_1 | Request for Proposal (RFP) for Empanelment of Consultants and Architects for various works of UDA | 1095 days 5,00,00,000/- | 5900/- 50,000/- | 207/2026 |

Note: Any amendments to the tender will be published online only on the website and will not be published separately in newspapers.

**(Kuldeep Raghuwanshi)**
**Executive Engineer, UDA, Ujjain**



**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग कार्या.- 225059**
**राजनांदगांव वनमंडल राजनांदगांव**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, राजनांदगांव वन मण्डल के डिपो में उपलब्ध इमारती/जलाऊ का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/वन काष्ठागार, अछोली से प्राप्त की जा सकती है।

**अछोली काष्ठागार,** **नीलाम दिनांक :- 15.07.2026** **समय :- प्रातः 9.00 बजे**
**काष्ठागार का नाम :- अछोली,** **वनमण्डल :- राजनांदगांव**

| क्र. | प्रजाति | नये वनोपज | | | पुराना वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली | डेंगरी | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली | डेंगरी | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली | बल्ली |
| 1. | सागौन | 130.000 | 100 | 1000 | 120.936 | 1526 | 6956 | 250.936 | 1626 | 7956 |
| 2. | बीजा | 30.000 | 0 | 0 | 90.661 | 90 | 119 | 120.661 | 90 | 119 |
| 3. | तिन्सा | 5.000 | 0 | 0 | 4.813 | 0 | 54 | 9.813 | 0 | 54 |
| 4. | साजा | 7.000 | 0 | 0 | 0 | 68 | 0 | 7.000 | 68 | 0 |
| 5. | ह.मु.ख. | 0.500 | 0 | 0 | 0.709 | 0 | 0 | 1.209 | 0 | 0 |
| 6. | धावड़ा | 3.000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3.000 | 0 | 0 |
| 7. | कसही | 10.000 | 0 | 0 | 13.282 | 0 | 0 | 23.282 | 0 | 0 |
| 8. | सलिहा, मोदे | 3.500 | 0 | 0 | 1.096 | 0 | 0 | 4.596 | 0 | 0 |
| 9. | अन्य | 14.000 | 0 | 0 | 21.973 | 1309 | 82 | 35.973 | 1309 | 82 |
| | योग:- | 203.000 | 100 | 1000 | 253.470 | 2993 | 7211 | 456.470 | 3093 | 8211 |

1) अछोली डिपो के नये 50 जलाऊ चट्टा
2) अछोली डिपो के अविक्रित 269 जलाऊ चट्टा
3) घुमका डिपो के अविक्रित लाट मिश्रित प्रजाति 10.957 घ.मी.
4) बम्लेश्वरी डिपो के नये लाट औद्योगिक बांस मिक्स 288.478 नो.टन
3) घुमका डिपो के अविक्रित लाट मिश्रित प्रजाति 10.957 घ.मी.

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राइज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी.से लॉग इन करके देख सकते है।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

**वनमण्डलाधिकारी**
262701823/4 **राजनांदगांव, वन मण्डल राजनांदगांव**



**मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्या.**
ए-ब्लॉक, प्रथम तल, वन भवन, तुलसी नगर, भोपाल-462003
दूरभाष : (0755) 2674202, 2674349
Website : www.mfpfederation.org, E-mail : md.mfpfed@mp.gov.in, mpmfpit@gmail.com
क्र./वनो/संघ/एमएफपी-सेल 2026/5903 भोपाल, दिनांक : 02.07.2026

**भर्ती विज्ञापन**

मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल में प्रस्तावित MFP-CELL हेतु पूरी तरह से अस्थायी आधार पर एक साल की अवधि के लिए मार्केटिंग असिस्टेंट के एक पद के लिए सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक (ACF) एवं मार्केटिंग को-ऑर्डिनेटर के एक पद के लिए IIFM पोस्ट ग्रेजुएट्स से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

| क्र. | पदनाम | पदों की संख्या | आवश्यक योग्यता | मासिक पारिश्रमिक (रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मार्केटिंग असिस्टेंट | 01 | सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक (ACF) | 50,000/- |
| 2. | मार्केटिंग कोऑर्डिनेटर | 01 | IIFM से फ़ॉरेस्ट्री मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा | 40,000/- |

आवेदन फ़ॉर्म एवं नियम व शर्तें हमारी वेबसाइट **www.mfpfederation.org** से डाउनलोड की जा सकती है। आवेदन **'मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित, ए-ब्लॉक, प्रथम तल, वन भवन, तुलसी नगर, भोपाल-462003'** में जमा किए जाएंगे। आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि 20.07.2026 है।**
म.प्र. माध्यम:126704/2026 **प्रबंध संचालक**



**सोने की नीलामी की सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड ("BFL"); पंजीकृत कार्यालय: मुंबई-पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे- 411035**

ऋणियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणियों ने बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद लोन का भुगतान या आवश्यक मार्जिन जमा नहीं किया है। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी: 1. क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (सोने का विवरण एवं सकल वजन) की सम्पूर्ण जानकारी देखें, 2. बोलीदाताओं के लिए सभी नियम एवं शर्तें निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं: All about our Terms and Conditions - Bajaj Finance Limited 3. सभी बोलीदाताओं को नीलामी से पूर्व ₹25,000/- की अग्रिम जमा राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 4. नीलामी स्थल पर प्रातः 10 बजे वैध पहचान एवं पते के प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए wecare@bajajfinserv.in पर संपर्क करें।

(10-08-26): **आष्टा - कन्नौद रोड**; POX6GOL25088379. **बालाघाट - बीजीएल**; PNS9GOL26430425. **बरेली - राठी कॉलोनी**; PCA3GOL25483410, 26187736, 27181052, 28736878. **बैतूल - शर्मा कॉम्प्लेक्स**; PCA4GOL24250490, 24288950, 26465795, 27033142, 29124247. **भोपाल - इमामी गेट**; PF46GOL25903971, 27741245. **भोपाल - इंद्रपुरी**; PF49GOL24908845, 25522327, 25529363, 25507474, 25725797, 28032344, 29162472. **भोपाल - करोंद**; PJD2GOL26841514. (11-08-26) **भोपाल - एमपी नगर**; PCA5GOL9173459, L9872010, 10213247, 17909617. **बीना - इटावा स्टेशन रोड**; PCA6GOL25506259, 25499964, 25487397, 27387226. **बुरहानपुर - अमरावती रोड**; PQE2GOL24125201. **छिंदवाड़ा - परासिया रोड**; PEQ1GOL28336525. **डबरा - मेन रोड**; PKH4GOL26049831, 26058724. **दमोह - मेन रोड**; PQD8GOL23739335, 26749457. **दतिया - सीता सागर**; PMN5GOL26268926. **देवास - एबी रोड**; PGG2GOL25536696, 26993275, 27017944, 27178660, 27762826, 28698013. (12-08-26): **देवास - मां चामुंडा टेकरी**; PQH2GOL26958322. **धामनोद - एबी रोड**; POZ3GOL28669782, 28682940. **धार - इंदौर रोड**; PQD6GOL26271672. **गाडरवारा - इंद्रा वार्ड**; PKA3GOL26101619, 28696843. **गंज बासौदा - मेन रोड**; PO2WGOL24688008. **ग्वालियर - बड़ा जीवाजी चौक**; PQT8GOL29127587. **गुना - एबी रोड**; PEH2GOL25447719, 26284626, 27779845, 28274128, 28299020, 28525291. (13-08-26) **ग्वालियर - सिटी सेंटर**; PCA7GOL11515324, 24092327, 24060091, 24246407, 24454200, 25171345, 25464077, 25660094, 26456915, 26435042, 27778924, 28075282, 28719719. **ग्वालियर - गोले का मंदिर**; PJD1GOL25502478, 25668683, 26037417, 26477571, 26783487, 28656117. **ग्वालियर - मुरार**; PHF9GOL27353684. **ग्वालियर - नया बाजार**; PF25GOL24242178, 25142309, 25712325, 27355243, 27409025, 27366060, 28453176. **ग्वालियर - पिंटू पार्क**; PQV3GOL28718575. **ग्वालियर - तानसेन रोड**; PPC9GOL27020087, 27023755. **ग्वालियर - विनय नगर**; PEF2GOL24618974, 26220999, 26414910, 27210466, 27701612, 28048700. **हरदा - बाफना टावर**; PCA8GOL24294044, 26060212. (14-08-26) **होशंगाबाद - मीनाक्षी चौक**; PCA9GOL28683858, 28667890. **इंदौर - मरीमाता स्क्वायर**; POZ2GOL18021821, 24048006, 28343732. **इंदौर - विजय नगर**; PGJ9GOL25845524, 26410019, 27042364. **इटारसी - सराफा बाज़ार**; PO3WGOL28716740, 28942758. **जबलपुर - दीनदयाल चौक**; PEH4GOL24089836, 24637631, 24952239, 26418066, 26848427, 27211532, 28264520, 28263528, 28307366, 29141691. **जबलपुर - रद्दी चौकी**; POX3GOL25720878, 26809486, 26798537, 26812539, 26803711. **जबलपुर - राइट टाउन**; PGO3GOL23770731, 28122953, 28307047, 28743664, 28656848. (17-08-26) **कटनी - सुभाष चौक**; POX4GOL26234320, 26479192, 26847807. **खंडवा - शिवाजी चौक**; PCP1GOL26409897, 27739406, 28890375. **महू - हरि फाटक**; PMN4GOL26087259. **मुरैना - शिवनगर**; PJC8GOL23777952, 24476112, 24897232, 26040574, 27551038, 27787159, 28514463, 29063417. **नरसिंहपुर - बीजीएल**; PNT1GOL25167902, 25172383, 27219652, 27737436, 28500663. **नीमच - गांधी वाटिका**; POZ4GOL27000585. **पिपरिया - स्टेशन रोड**; POX8GOL25094840. **पोरसा - बीजीएल**; POA4GOL26052634, 26448690, 28273680, 29089320, 29078745, 29101726. (18-08-26): **रीवा - बीजीएल**; PNR9GOL27769706. **सबलगढ़**; P13PGOL5591433, L5744781. **सागर - मकरोनिया**; PQH1GOL29116790, 29120411. **सागर - परकोटा**; PLL1GOL27001333, 27760927, 28554455. **सनावद - इंदौर खंडवा रोड**; PQD4GOL24237733, 24897274, 27177308, 28311862, 29149030. **सतना - रीवा रोड**; PCP2GOL26987808. **Sसीहोर - सेकड़ाखेड़ी रोड**; PCP3GOL23735448, 23738224, 24453373, 29071107. (19-08-26) **सिवनी - शक्ति नगर**; POX7GOL25705299, 26184442, 26835043, 28860795. **शहडोल - बीजीएल**; PNT3GOL23812674, 24980110, 25145487, 25096604, 25120992, 26058491, 26224708, 26801054, 28205814, 28475199. **श्योपुर - शिवपुरी रोड**; PLC3GOL29064724. **शिवपुरी - एबी रोड**; PEH3GOL23807589, 24887473, 25078586, 26208433, 26964356, 27397766, 27749305, 27743691, 28686598, 28693880, 28926496. **शुजालपुर - मंडी**; PPG5GOL24904040, 24908607. **सिहोरा - मेन रोड**; PQR5GOL23802805, 26221501. **उज्जैन - फ्रीगंज**; PCP4GOL24078614, 24623586, 24725003, 25717827, 26275960, 26456223, 26421776, 26427278, 27235850, 27527675, 28106995.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**



**छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
**गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद**
**काष्ठागार नीलाम का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि गरियाबंद वनमंडल के अंतर्गत गरियाबंद काष्ठागार में संग्रहित इमारती काष्ठ एवं जलाऊ चट्टा का e-Auction द्वारा निवर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारो से अनुरोध है कि वे e-Auction में भाग लेंवे।

**ई-नीलाम दिनांक :- 08/07/2026 ई-नीलाम समय :- प्रातः 09 : 00 बजे**
**नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| क्र. | प्रजाति | लट्ठा (घनमीटर) | | | बल्ली/डेंगरी/फेंसिंग(संख्या) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | नया | पुराना | योग | नया | पुराना | योग |
| 1 | सागौन | 0 | 195.062 | **195.062** | 0 | 69672 | **69672** |
| 2 | साल | 369.116 | 2030.547 | **2399.663** | 0 | 3415 | **3415** |
| 3 | बीजा | 23.652 | 208.335 | **231.987** | 123 | 255 | **378** |
| 4 | शीशम | 0 | 1.917 | **1.917** | 0 | 0 | **0** |
| 5 | तिन्सा | 7.082 | 5.959 | **13.041** | 76 | 37 | **113** |
| 6 | साजा | 35.049 | 125.825 | **160.874** | 0 | 549 | **549** |
| 7 | हल्दू | 2.099 | 56.556 | **58.655** | 0 | 0 | **0** |
| 8 | धवड़ा | 3.458 | 53.938 | **57.396** | 0 | 391 | **391** |
| 9 | सलई | 0 | 9.048 | **9.048** | 0 | 0 | **0** |
| 10 | अन्य | 18.766 | 165.221 | **183.987** | 0 | 989 | **989** |
| | **योग :-** | **459.222** | **2852.408** | **3311.630** | **199** | **75308** | **75507** |

**जलाऊ चट्टा**

| डिपो का नाम | नया | पुराना | योग |
|---|---|---|---|
| अस्थाई पड़ाव डिपो परसुली | 133 | 0 | **133** |
| अस्थाई पड़ाव डिपो नाऊमुड़ा | 0 | 669 | **669** |
| अस्थाई पड़ाव डिपो कोड़ोहरदी | 0 | 170 | **170** |
| अस्थाई पड़ाव डिपो खम्हारीपारा | 0 | 230 | **230** |
| **योग :-** | **133** | **1069** | **1202** |

**बांस**

| | | | |
|---|---|---|---|
| उपभोक्ता डिपो देवभोग | 0 | 2000 | **2000** |
| निस्तार डिपो धवलपुर | 0 | 1793 | **1793** |
| **योग :-** | **0** | **3793** | **3793** |

**टीप :-**
- **01** क्रेताओं को e-Auction से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
- **02** क्रेताओं को e-Auction केपूर्व क्रय लाटों केअपसेट प्राईज मूल्य के10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
- **03** लाट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगिन करके देख सकते है।
- **04** e-Auction में लाट क्रय करने हेतु प्रथम क्रेता को 40 सेकेंड का समय प्राप्त होगा, उसी लाट को क्रय करने केलिये अन्य क्रेताओं को 30 सेकेंड का अतिरिक्त समय प्राप्त होगा। 20 सेकेंड तक बोली नहीं लगने पर लाट पर बोली बंद हो जायेगा।

**वनमंडलाधिकारी**
**गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद**
262701808 / 3